हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 21 सितंबर 2026

04 'वाणी को वीणा बनाओ, वाण नहीं' जीव रक्षा के लिए सत्य...



07 अशोकनगर में शिक्षकों ने सामूहिक उपवास कर रैली...



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

युवा इंस्टीट्यूट ऑफ वेटरनरी को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय से मिली सौगात

गुना। युवा ग्रुप ऑफ कॉलेज की ओर से जिले के विद्यार्थियों के लिए एक नई शैक्षणिक सौगात सामने आई है। युवा इंस्टीट्यूट ऑफ वेटरनरी को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर से मान्यता प्रदान की गई है। यह गुना जिले का पहला वेटरनरी महाविद्यालय बताया जा रहा है। इस उपलब्धि से गुना सहित शिवपुरी, अशोकनगर एवं आसपास के जिलों के विद्यार्थियों को पशु चिकित्सा विज्ञान से संबंधित रोजगारोन्मुख शिक्षा के लिए अन्य शहरों में जाने की आवश्यकता कम होगी। महाविद्यालय में दो वर्षीय डिप्लोमा इन एनिमल हसबेंडरी पाठ्यक्रम संचालित किया जाएगा। सत्र 2026-27 में प्रति वर्ष 200 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया एंट्रेंस टेस्ट एवं काउंसलिंग के माध्यम से होगी। जिन विद्यार्थियों ने ADDET 2026 की प्रवेश परीक्षा दी है तथा काउंसलिंग के लिए पंजीयन कराया है, उनके प्रवेश की प्रक्रिया 24 सितंबर 2026 से प्रारंभ होगी। गुना स्थित युवा इंस्टीट्यूट ऑफ वेटरनरी में प्रवेश से संबंधित दस्तावेज सत्यापन के लिए हेल्प सेंटर रीवा में निर्धारित किया गया है। प्रवेश एवं दस्तावेज सत्यापन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी या समस्या के लिए विद्यार्थी बीस भुजा माता मंदिर के पास, बजरंगगढ़ स्थित युवा इंस्टीट्यूट ऑफ वेटरनरी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इस डिप्लोमा पाठ्यक्रम में कक्षा 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी, जिनकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि साइंस, मैथ्स अथवा एग्रीकल्चर स्ट्रीम में है, पात्र होंगे। युवा ग्रुप ऑफ कॉलेज के संरक्षक राजेश पाराशर एवं चेयरमैन परीक्षित पाराशर को जिले के अभिभावकों एवं शिक्षाविदों ने इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

डोल ग्यारस पर होगा रामलीला का ध्वज वंदन

गुना। सार्वजनिक श्री रामलीला एवं दशहरा पर्व समिति, पुरानी गल्ला मंडी, गुना के तत्वावधान में दशकों से चली आ रही परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी रामलीला मंचन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। रामलीला मंचन के प्रथम चरण के अंतर्गत 22 सितंबर 2026, मंगलवार को जलझूलनी एकादशी (डोल ग्यारस) के अवसर पर पुरानी गल्ला मंडी स्थित रामलीला मंच पर दोपहर 12 बजे ध्वज वंदन एवं मंच पूजन किया जाएगा। समिति के संयोजक गोविंद सोनी ने बताया कि समिति अपने निरंतर 80वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। डोल ग्यारस के अवसर पर पुरानी गल्ला मंडी स्थित रामभक्त हनुमान मंदिर परिसर में पहुंचने वाले विभिन्न मंदिरों के विमानों एवं गणेश की झांकी का समिति द्वारा स्वागत किया जाएगा। दोपहर बाद समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, समिति पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा विमानों की पूजा-अर्चना कर उनका स्वागत किया जाएगा। समिति ने शहर के सभी मंदिरों के पुजारियों, विमान वाहक एवं झांकी समितियों के साथ ही व्यायामशाला, लहंगी मंडली एवं अखाड़ों के प्रमुखों से इस अवसर पर पुरानी गल्ला मंडी स्थित रामभक्त हनुमान मंदिर एवं रामलीला मैदान में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

निजी स्कूल संचालक की कार में आइशर वाहन ने मारी टक्कर

गुना। शहर के प्रमुख निजी स्कूल के संचालक की कार में एक अनियंत्रित आइशर वाहन चालक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में कार का दाहिना हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित की शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जगदीश कॉलोनी निवासी तरूण वाधवा (52) शनिवार रात करीब 8:30 बजे अपनी कार एमपी 08-3727 से प्ले होटल की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे जयस्तंभ चौराहा स्थित शिमला लस्सी हाउस के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे आइशर वाहन एमपी 08-0855 के चालक प्रिंस कलावत निवासी फतेहगढ़ ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार के दाहिनी तरफ के दोनों दरवाजे, साइड ग्लास और पीछे का बंपर टूट गया, जिससे लगभग 95 हजार रुपये का नुकसान होना बताया गया है। घटना के वक्त मौके पर मौजूद लोगों ने हादसे को देखा। पीड़ित तरूण वाधवा ने कोतवाली थाना पहुंचकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई।

जनता मांगे नगर निगम, प्रशासन दे रहा नगर परिषद का झुनझुना!

गुना में शिलान्यास पट्टिकाओं को लेकर छिड़ा नया विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

एक तरफ जहां पूरा शहर लंबे समय से नगरपालिका को उन्नत कर नगर निगम का दर्जा देने की मांग कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ शासन-प्रशासन की एक बड़ी लापरवाही ने स्थानीय नागरिकों और शहरवासियों में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है।

हाल ही में आयोजित शासकीय कार्यक्रमों में केंद्रीय मंत्री के कर-कमलों से संपन्न हुए भूमिपूजन और शिलान्यास कार्यक्रमों के दौरान जो पट्टिकाएं (शिलालेख) लगाई गईं, उन पर नगरपालिका या नगर निगम की जगह नगर परिषद गुना अंकित किया गया है। पट्टिकाओं पर लिखे इस नए संबोधन को देखकर शहर की जनता स्तब्ध है और इसे सीधे तौर पर गुना के जनाधिकारों और भावनाओं के साथ खिलवाड़ माना जा रहा है। स्थानीय नागरिकों का स्पष्ट कहना है कि गुना शहर की मौजूदा आबादी, क्षेत्रफल और राजस्व संग्रहण अब नगर निगम के सभी तय मानकों को पूरी तरह से पूरा करता है। यदि गुना को नगर निगम का दर्जा मिलता है तो शहर के विकास के लिए केंद्र व राज्य सरकार से सैकड़ों करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट प्राप्त होगा। इसके साथ ही स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, मेडिकल कॉलेज और वृहद ढांचागत विकास योजनाओं का सीधा लाभ यहां के निवासियों को मिलेगा। लेकिन नगर निगम की जायज मांग को पूरा करने के बजाय प्रशासन की यह कार्यशैली शहर को विकास के क्रम में एक कदम और पीछे धकेलने जैसी नजर आ रही है। इस पूरे घटनाक्रम के बाद शहर में प्रशासनिक प्रणाली पर तीखे सवाल खड़े होने लगे हैं। नागरिकों का कहना है कि जब जनता लगातार नगर निगम की मांग उठा रही है, तब पट्टिकाओं पर नगर परिषद लिखकर कौन सा संदेश दिया जा रहा है। क्या यह महज एक लिपिकीय गलती है या फिर गुना के विकास की गति को जानबूझकर धीमा करने की कोई अंदरूनी साजिश है।



सर्पदंश से किसान की मौत

झाड़-फूंक के फेर में अस्पताल पहुंचने में हुई देरी, डॉक्टर की सलाह दरकिनार



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के बमोरी क्षेत्र की झागर चौकी अंतर्गत ग्राम भौंरा में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां जहरीले सांप के काटने से 55 वर्षीय किसान की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों द्वारा समय पर सही चिकित्सकीय सहायता न ले पाने और ग्रामीण रास्ते की बदहाली को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, ग्राम भौंरा निवासी लक्ष्मीनारायण लोधा सुबह करीब साढ़े छह बजे अपने घर के कमरे में रखे भूसे को मवेशियों के लिए निकालने गए थे। इसी दौरान वहां छिपे एक विषैले कोबरा ने उनकी उंगली पर डस लिया। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे परिजन घबरा गए और झाड़-फूंक के चक्कर में उन्हें पहले बेरखेड़ी ले गए। इसके बाद उन्हें गुना के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत बिगडऩे पर डॉक्टरों ने तत्काल जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में सुबह करीब आठ बजे भर्ती कराए जाने के बाद डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया, लेकिन जहर पूरे शरीर में फैल जाने के कारण लगभग दो घंटे के भीतर किसान ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों का कहना है कि गांव से शहर तक का मार्ग जर्जर होने के कारण गाड़ी समय पर अस्पताल नहीं पहुंच सकी, जिससे इलाज में कीमती समय बर्बाद हो गया।

भगवान लव-कुश जन्मोत्सव पर कुशवाह समाज ने निकाली शोभायात्रा

गुना। भगवान लव-कुश जन्मोत्सव के पावन अवसर पर कुशवाह समाज द्वारा रविवार को शहर में एक भव्य एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जन्मोत्सव को लेकर समाज के युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं में अभूतपूर्व उत्साह और धार्मिक उल्लास का माहौल देखने को मिला। पूरा यात्रा मार्ग भक्तिमय भजनों और धार्मिक जयघोषों से गुंजायमान रहा। शोभायात्रा का शुभारंभ कुशवाह नगर स्थित श्री हनुमान मंदिर से पूजा-अर्चना और ध्वज पूजन के साथ हुआ। इसके बाद शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई आगे बढ़ी, जिसमें सुसज्जित रथ पर भगवान लव-कुश, जगज्जननी माता सीता एवं महर्षि वाल्मीकि की मनमोहक झांकी सजाई गई थी। यात्रा के दौरान जगह-जगह नगरवासियों और सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। समाजजन ढोल-नगाड़ों की थाप और धार्मिक धुनों पर थिरकते हुए चल रहे थे। शहर के प्रमुख भ्रमण मार्गों से गुजरते हुए शोभायात्रा अपने निर्धारित गंतव्य स्थल पुरानी छावनी स्थित शुभ गीता मांगलिक भवन पहुंची। मांगलिक भवन प्रांगण में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान लव-कुश, माता सीता और महर्षि वाल्मीकि की विधिवत पूजा-अर्चना कर संगीतमय महाआरती की गई।

अवैध कच्ची शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्रवाई

पटेलनगर में घर पर दबिश, 13 लीटर हाथभट्टी मदिरा जब्त आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन के खिलाफ आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रविवार, 20 सितंबर को आबकारी वृत्त गुना-1 की टीम ने सिंगवासा पटेलनगर में दबिश देकर एक व्यक्ति के कब्जे से 13 लीटर कच्ची हाथभट्टी मदिरा बरामद की।

यह कार्रवाई कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं आबकारी उपायुक्त संभाग ग्वालियर संदीप शर्मा के निर्देशन में, जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन तथा मंडल प्रभारी इंद्रपाल सिंह बालके के नेतृत्व में की गई। आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सिंगवासा पटेलनगर में एक व्यक्ति अपने घर पर अवैध रूप से कच्ची मदिरा लेकर आया है और उसका विक्रय करने की तैयारी में है। सूचना के आधार पर टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दी। मौके पर एक व्यक्ति मिला। उसके मकान की विधिवत तलाशी लेने पर एक झोले से 300-300 एमएल क्षमता के 46 पन्नी पाउच बरामद हुए। मदिरा को मापने पर कुल मात्रा 13 लीटर पाई गई। मदिरा से तेज गंध आने के कारण जांच के लिए नमूने विधिवत सुरक्षित कर एफएसएल ग्वालियर भेजे गए हैं। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रक्षित पुत्र मुक्की पारदी, उम्र 20 वर्ष, निवासी पटेलनगर बताया। आबकारी विभाग ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(ए) एवं 49(ए) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में आबकारी आरक्षक दिनेश कुमार राठौर, गोविंद सिंह मीणा एवं कमल बरोदिया तथा महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी एवं खुशबू रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



पालिका बाजार के विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर एसएफआई का प्रदर्शन

छात्रावास, पुल और रियायती परिवहन की मांग, कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

स्टूडेन्ट्स फैडरेशन ऑफ इन्डिया के कार्यकर्ताओं ने रविवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टोरेट परिसर में जोरदार नारेबाजी की और प्रदर्शन किया। इसके पश्चात संगठन के पदाधिकारियों ने राघोगढ़ तहसील के वार्ड क्रमांक 17 पालिका बाजार के विद्यार्थियों की विभिन्न शैक्षणिक और मूलभूत समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग को लेकर जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से एसएफआई ने बताया कि लगभग 40 वर्षों से आबाद मजदूर और मेहनतकश बहुल क्षेत्र पालिका बाजार का शासकीय विद्यालय केवल कक्षा 8वीं तक ही संचालित है, जिसे शीघ्र कक्षा 12वीं तक उन्नत किया जाए। इसके साथ ही विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, आरक्षण और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल किया जाए तथा पुराने दस्तावेजों की जगह वैकल्पिक व्यवस्था लागू की जाए। करीब 5,000 की आबादी वाले इस क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र न होने से सामान्य इलाज के लिए भी लोगों को रूठियाई या गुना भागना पड़ता है, इसलिए स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की मांग उठाई गई। इसके अतिरिक्त रूठियाई से पालिका बाजार मार्ग पर चौपन नदी के बरसात में जलमग्न होने वाले रपटे की जगह स्थाई और सुरक्षित पुल निर्माण कराने, आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए छात्रावास में सुरक्षित आवास की व्यवस्था करने तथा सभी शैक्षणिक योजनाओं का लाभ समय पर दिलाने की बात कही गई। ज्ञापन में विद्यार्थियों के सुरक्षित आवागमन हेतु रियायती दर पर सुलभ सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था शुरू करने की भी पुरजोर मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान हुकम सिंह अहिरवार, संदीप जोशी और प्रवेश टांक सहित कई छात्र प्रतिनिधि मौजूद रहे।



रक्तदान के लिए आगे आए जनप्रतिनिधि और स्वास्थ्यकर्मी

गुना। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत तलैया मोहल्ला में पुलिस ने जुए के फड़ पर दबिश देकर 7 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत शाम करीब 4:15 बजे पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि तलैया मोहल्ला में कुछ लोग एकत्रित होकर पैसों का दांव लगाकर ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दबिश दी। पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान मौके से जुआ खेलते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे व फड़ से कुल 25,100 रुपये नगद एवं ताश के 52 पत्तों की गड्डी विधिवत जप्त की है।

कथा सुन रहे बुजुर्ग पर रंजिश के चलते प्राणघातक हमला कुल्हाड़ी से वार कर किया लहूलुहान, अस्पताल में भर्ती

गुना। जिले के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम दुधई में रंजिश के चलते एक बुजुर्ग पर जानलेवा हमला किए जाने की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। धार्मिक कार्यक्रम में भागवत कथा सुन रहे बुजुर्ग पर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने फरसे और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। सिर में गहरी चोट लगने के कारण पीड़ित को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, दुधई गांव के निवासी 60 वर्षीय हरि सिंह यादव शनिवार दोपहर करीब दो बजे अपने घर के बाहर बरामदे में बैठकर पास में ही हो रही श्रीमद्भागवत कथा सुन रहे थे। उसी समय पुरानी रंजिश को लेकर दो-तीन स्थानीय युवक वहां पहुंचे और अभद्रता करते हुए गाली-गलौज करने लगे। हरि सिंह द्वारा विरोध जताने पर विवाद बढ़ गया और देखते ही देखते 8 से 10 सशस्त्र लोग लामबंद होकर आ धमके। आरोपियों ने फरसे और कुल्हाड़ी से बुजुर्ग पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आईं।

20वें निःशुल्क महिला स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी भीड़, करीब 50 बीपीएल मरीजों को निःशुल्क मिली दवाएं

125 मरीजों के बाद कुछ समय के लिए बंद करना पड़ा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शहर के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. राजपूत द्वारा प्रत्येक रविवार आयोजित किए जा रहे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर की श्रृंखला में रविवार को 20वें शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाएं उपचार और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श लेने पहुंचीं। खास बात यह रही कि गुना के अलावा आसपास के जिलों से भी महिलाएं उपचार के लिए शिविर में पहुंचीं। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में बाल कल्याण समिति की सदस्य अंसुइया रघुवंशी उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर इस तरह का आयोजन सराहनीय पहल है।

उन्होंने महिलाओं से अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वास्थ्य के प्रति सजगता महिलाओं के आत्मविश्वास को भी मजबूत करती है। शिविर में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ने के कारण 125 मरीजों के बाद कुछ समय के लिए पंजीयन बंद करना पड़ा। इसके बावजूद आपात स्थिति वाले मरीजों और दूर-दराज से आए मरीजों को प्राथमिकता देते हुए उनका परीक्षण किया गया। शिविर में करीब 50 बीपीएल कार्डधारी मरीजों को निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गईं। डॉ. राजपूत ने बताया कि शिविर को सफल बनाने में उनकी पूरी टीम लगातार सहयोग कर रही है। पिछले पांच महीनों से प्रत्येक रविवार नियमित रूप से निःशुल्क शिविर आयोजित किया जा रहा है। अब तक इन शिविरों के माध्यम से 2,000 से अधिक मरीज लाभान्वित हो चुके हैं, जबकि करीब 750 बीपीएल मरीजों को निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। डॉ. राजपूत जिला अस्पताल में भी जटिल स्त्री रोग संबंधी ऑपरेशन करते हैं।

उनके गुना में नियमित रूप से सेवाएं देने से महिलाओं को उपचार के लिए अन्य शहरों की ओर जाने की आवश्यकता कम हुई है। उनके इस प्रयास को लेकर क्षेत्र में सराहना देखने को मिल रही है। शिविर के सफल आयोजन में सीमा लोधा, शुभम जैन, डॉ. शिवांगी श्रीवास्तव, अरविंद, बाबूलाल, संतोष सोनी एवं जितेंद्र नामदेव सहित टीम के अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।



महावीर भवन में गूंजी 'पाड़ाशाह और पारस पत्थर' की कथा

उमड़ रहा दर्शकों का जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व के मौके पर पाश्र्वनाथ बड़े जैन मंदिर में लोककथा पर आधारित रंगमंचीय नाटक 'पाड़ाशाह और पारस पत्थर' का भव्य मंचन किया गया।

वीर शासन ग्रुप के तत्वाधान में विनर सोसायटी आर्ट एंड कल्चर की इस प्रस्तुति को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। मंदिर परिसर में दर्शकों का अपार जनसैलाब उमड़ा और पूरी प्रस्तुति के दौरान दर्शक नाटक की कथा, संवाद और भावनात्मक प्रसंगों से जुड़े रहे। नाटक 'पाड़ाशाह और पारस पत्थर' किसी चमत्कारी पत्थर की कहानी मात्र नहीं, बल्कि भक्ति, करुणा, संयम, त्याग और लोककल्याण जैसे मानवीय मूल्यों की रंगमंचीय अभिव्यक्ति है। नाटक का केंद्रीय पात्र पाड़ाशाह अपने श्रम, ईमानदारी और जीव मात्र के प्रति करुणा को अपने जीवन का आधार मानता है।

अपने आराध्य के प्रति अटूट श्रद्धा से प्रेरित होकर वह जैन मंदिर निर्माण का संकल्प लेता है। उसके लिए मंदिर केवल उपासना का स्थल नहीं, बल्कि शांति, नैतिकता और सह-अस्तित्व का प्रतीक है। पाड़ाशाह की सेवा भावना और सरल व्यवहार उसे आम लोगों के बीच विशेष सम्मान दिलाते हैं।

समाचार संक्षेप

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित



कुंभराज। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कुंभराज में दिनांक 19 सितंबर 2026 को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत कुंभराज के उपाध्यक्ष श्री विक्रम मीणा जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं कुमारी मुस्कान शिवहरे एवं कुमारी लक्ष्मी अहिरवार ने "विकसित भारत" की थीम पर अत्यंत सुंदर एवं प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया। छात्राओं ने अपने विचारों के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका एवं देश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों को प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्राचार्य श्री कल्याण श्रीवास्तव जी ने बताया कि दिनांक 17 सितंबर 2026 से 17 अक्टूबर 2026 तक विद्यालयों में सेवा संकल्प अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत विद्यालय स्तर पर दिनांक 19 सितंबर को चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि दिनांक 21 सितंबर 2026 को विद्यालय में चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन पालक-शिक्षक बैठक भी आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात दिनांक 23 सितंबर 2026 को संकुल स्तर पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं का प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन श्री हरीश कुमार साहू जी द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन श्री भीकम सिंह अहिरवार जी ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रामप्रसाद नियुक्त



राघौगढ़। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के आगमन पर राघौगढ़ से उनके स्वागत करने के लिए गुना पहुंचे अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रामप्रसाद बिल्ला बाल्मीकि, प्रताप जाटव, बिरजू बुनकर, नवल किशोर बुनकर नरेंद्र बड़कुल अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष ने राघौगढ़ के रामप्रसाद बिल्ला बाल्मीकि का माला पहनाकर स्वागत किया , अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष नरेंद्र बडकुल को श्री बाल्मीकि ने धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया ।

दस लक्षण पर्व के पांचवें दिन मुनिश्री ने मधुर वाणी और सत्य के महत्व पर दिया संदेश

'वाणी को वीणा बनाओ, वाण नहीं' जीव रक्षा के लिए सत्य को छिपाना भी सत्य धर्म के अनुरूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



जैन धर्म के दस लक्षण पर्व के पांचवें दिन उत्तम सत्य धर्म के अवसर पर विद्या कुल शिरोमणि, महान तपस्वी एवं ओजस्वी वक्ता बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थिति में किसी जीव की रक्षा करने के लिए यदि सत्य को छिपाकर बात कही जाती है, तो वह भी सत्य धर्म के अनुरूप ही है।

मुनिश्री ने कहा कि जैन धर्म में पांच अनुव्रत बताए गए हैं—अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य एवं अपरिग्रह। इनमें सत्य धर्म का विशेष महत्व है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि एक शिकारी की मुट्ठी में एक जीवित चिड़िया थी। उसने एक व्यक्ति से पूछा कि उसकी मुट्ठी में चिड़िया जीवित है या मृत। चिड़िया की रक्षा के उद्देश्य से उस व्यक्ति ने कहा कि मुट्ठी में चिड़िया मरी हुई है। शिकारी ने जैसे ही मुट्ठी खोली, चिड़िया जीवित थी और उड़ गई। इस प्रकार उस व्यक्ति ने सत्य को छिपाकर जीव की रक्षा की। मुनिश्री ने कहा कि विपरीत परिस्थिति में जीव रक्षा के लिए सत्य को छिपाना भी सत्य धर्म की भावना के अनुरूप है।

मुनिराज ने आचार्य विद्यासागर जी महाराज के कथनों का उल्लेख करते हुए कहा कि कम बोलो, सोच-समझकर बोलो और जब बहुत आवश्यक हो तभी बोलो। अधिक बोलने से असत्य बोलने का पाप लग सकता है। उन्होंने कहा, "वाणी को वीणा बनाओ, वाण नहीं।" शरीर पर लगे चोट के घाव समय के साथ भर जाते हैं, लेकिन मुंह से बोले गए कटु वचनों के घाव जीवनभर नहीं भरते। इसलिए जीवन में सदैव मधुर वाणी का प्रयोग करना चाहिए। मुनिश्री ने आचार्य कुंदकुंद स्वामी द्वारा रचित कुरल काव्य ग्रंथ का उल्लेख करते हुए कहा कि इस ग्रंथ का दुनिया की अनेक भाषाओं में अनुवाद हुआ है। उन्होंने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यह ग्रंथ भेंट किए जाने का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कुरल काव्य केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि नीति शास्त्र भी है।

इस प्रकार जैन धर्म के साहित्य और विचारों को वैश्विक स्तर पर सम्मान मिलने से समाज में गौरव की भावना बढ़ती है। मुनिश्री ने जीवन में मधुर वचन बोलने की प्रेरणा देते हुए कहा कि दुनिया में घाव भरने के लिए हल्दी का प्रयोग किया जाता है।

गुना पब्लिक स्कूल कुंभराज में गणेश ज्ञान परीक्षा, 340 विद्यार्थियों ने लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

नगर के गुना पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, मंडी रोड, कुंभराज में रविवार, 20 सितंबर को गणेश ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के 340 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। परीक्षा के सफल आयोजन में मीनेश स्कूल मृगवास, मीनेश कॉन्वेंट स्कूल कुंभराज, सरस्वती ज्ञान मंदिर, कैरियर कॉन्वेंट स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंभराज, ज्ञान सागर कैरियर, प्रगति स्कूल, माँ शारदा विद्या विहार, न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल, महेश विद्या मंदिर स्कूल, मदर इन्फेंट स्कूल एवं गुना पब्लिक स्कूल जंजाली सहित विभिन्न विद्यालयों के संचालकों, प्राचार्यों एवं शिक्षकों ने अपने विद्यार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित कर महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। परीक्षा का संचालन मनु साहू के मार्गदर्शन में किया गया। परीक्षा के सफल आयोजन में प्रद्युम्न मीना, रविंद्र मेथिल, शोभा अहिरवार, प्रियंका खरे, कृष्णा मीना, वैष्णवी साहू, सुनीता सैन, राधिका मेथिल, अनिल प्रजापति मौजूद रहे।

जल झूलनी डोल ग्यारस को लेकर गौशाला परिसर में सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



नगर के प्राचीन प्राकृतिक स्थल अष्टभुजी खोंघरा में विराजमान अष्टभुजी माता मंदिर परिसर में आम, पीपल, अमरूद, जामुन, नीम एवं बेलपत्र सहित विभिन्न प्रजातियों के 30 पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर मंगल सेवा समिति के सचिव सुरेश केवट ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पौधारोपण सेवा सेवानिवृत्त मिडिल स्कूल के पूर्व विद्यार्थियों के ग्रुप एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की चयनित नवांकुर संस्था मंगल सेवा समिति, राघोगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में ग्रुप के सदस्य एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी रमेश कुमार साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह ग्रुप उनके बचपन का है। वर्ष 1975 से 1978 के बीच सभी साथी साथ पढ़ते थे। शिक्षा पूर्ण करने के बाद सभी साथी मध्य प्रदेश एवं केंद्र सरकार के विभिन्न शासकीय विभागों में सेवाएं देने लगे। लगभग 30 से 40 वर्षों की सेवा के बाद जब सभी साथी सेवानिवृत्त हुए तो अपने गृह नगर राघोगढ़ में पुनः एक-दूसरे से मिलने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि ग्रुप के साथी डॉ. अनिल भार्गव ने सेवानिवृत्ति के समय का सदुपयोग करते हुए राघोगढ़ में संरक्षित एवं सुरक्षित स्थानों पर ग्रुप के माध्यम से वृक्षारोपण करने का संकल्प दिलाया। इसी क्रम में मंगल सेवा समिति ने ग्रुप को वृक्षारोपण के लिए निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, देवकीनंदन वार्ष्णेय, जगदीश प्रसाद शिवहरे, कस्तूरचंद चौरसिया, देवीलाल सैनी, गंगाविश्वन कहार, मोहन प्रसाद बैरागी, किशन लाल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

सिविल अस्पताल आरोन में लगा विशाल रक्तदान शिविर, जनप्रतिनिधियों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन



सिविल अस्पताल आरोन में गुरुवार 18 सितंबर 2026 को मानव सेवा और जन जागरूकता का अनुकरणीय उदाहरण देखने को मिला। रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में कुल लगभग 50 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर सुबह से ही रक्तदाताओं के उत्साह से भरा रहाशिविर में समाज के हर वर्ग की सहभागिता देखने को मिली। क्षेत्र के आम नागरिकों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, लैब टेक्नीशियनों और स्वास्थ्यकर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने खुद किया रक्तदानशिविर का सबसे प्रेरणादायी क्षण वह रहा जब क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वयं रक्तदान कर आमजन को संदेश दिया भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरजीत धाकड़, पार्षद ब्रजेन्द्र सिंह राजपूत, आरोन के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. अविनाश रघुवंशी और नायब तहसीलदार आरोन अमित जैन ने स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया। उनके इस कदम ने उपस्थित लोगों में रक्तदान को लेकर व्याप्त भ्रांतियों को दूर कर नई ऊर्जा का संचार कियाइनके साथ ही सिविल अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. महेश राजपूत, डॉ. धर्मेन्द्र जाट, डॉ. नितिन धाकड़ सहित अन्य चिकित्सकों ने भी रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान दियामहिलाओं की भागीदारी बनी आकर्षण का केंद्रइस रक्तदान शिविर की एक और विशेष उपलब्धि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। यह इस बात का प्रमाण है कि अब ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में भी रक्तदान को लेकर जागरूकता तेजी से बढ़ रही है और महिलाएं भी इस महादान में पीछे नहीं हैं। BMO ने कहा - रक्तदान महादान है।

मल्हारगढ़ में भाजपा के सेवा संकल्प अभियान के तहत चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत शनिवार को ग्राम पंचायत मल्हारगढ़ स्थित हायर सेकेंडरी विद्यालय में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों के बीच राष्ट्र निर्माण,स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और पार्टी प्रतिनिधि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि मोहर सिंह गुर्जर विद्यालय में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। अतिथि मोहर सिंह गुर्जर ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने रंगों और पोस्टरों के माध्यम से स्वच्छ भारत अभियान, विकसित भारत -2047 और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सुंदर चित्र बनाए।

33वें संस्कार शिविर के बीच अमन ने लिया आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत, छलके श्रद्धालुओं के आंसू

बीच शिविर में उपजा वैराग्य, शिवरार्थी अमन सुधा संघ में शामिल, संसार की वकालत छोड़ थामा वैराग्य का दामन,

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

जब आत्मा पर गुरु करुणा की वर्षा होती है, तो संसार के तमाम ऐशो-आराम और चमक-दमक तिनके के समान लगने लगते हैं। लेकिन जगत पूज्य गुरुदेव श्री सुधासागर महाराज के सान्निध्य में आयोजित 33वें श्रावक संस्कार शिविर में ऐसा चमत्कार हुआ कि बीच शिविर में ही शिविरार्थी को वैराग्य उपज गया जिसने पंडाल में मौजूद हर आंख को नम और हर हृदय को श्रद्धा से सराबोर कर दिया। चलते शिविर के बीच, साधना के चरम क्षणों में एक युवा वकील के अंतर्मन में वैराग्य की ऐसी निर्मल धारा फूटी कि उसने भरी जवानी में संसार की सारी मोह-माया को सदा के लिए अलविदा कह दिया।नगर के गल्ला व्यापारी दिनेश कुमार जैन के सुपुत्र और पेशे से एडवोकेट अमन जैन एलएलबी, जो शिविर के श्विद्यासागर ग्रुपश में बैच नंबर 38 पर साधना कर रहे थे, उन्होंने उत्तम शौच धर्म के पावन दिन पूज्य गुरुदेव श्री सुधासागर जी महाराज के चरणों में अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। अमन ने गुरु चरणों में श्रीफल अर्पित कर संसार के बंधनों से मुक्ति की याचना की। गुरुदेव ने उनकी अंतरंग विरक्ति को परखते हुए उन्हें आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत प्रदान किया ओर सदा के लिए अपने संघ में शामिल कर लिया। इस अवसर पर मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने कहा कि यह पहला ऐसा शिविर है, जिसमें चलते सत्र के बीच ही किसी शिविरार्थी के भीतर ऐसा वैराग्य जागा कि उसने सीधे संघ में प्रवेश का निवेदन कर दिया। आए थे शिविरार्थी बनने और बन गए संघार्थी।

जैसे ही सुबह प्रवचन में जगत पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज ने नगर के युवा एडवोकेट अमन जैन ने संघ में शामिल होने श्रीफल भेंट किया तो मंच से ही मुनि श्री ने उन्हें संघ में शामिल होने का आशीर्वाद दिया और दोपहर में उनका मेंहदी की रस्म अदा की गई वही जिज्ञासा समाधान में वह संघ में शामिल हुए,इस दौरान एक एक दृश्य सभी को ऐसा भी देखना को मिला जिसने सभी की आँखें नम कर दी क्योंकि बड़ा भाई जब मोक्ष मार्ग की ओर बढ़ रहा था तब उसे मोक्ष मार्ग पर ले जाने के लिए उनका छोटा भाई आशीष उन्हें अपने कंधों पर बैठाकर ले जा रहा था जिसने भी यह दृश्य देखा वह अपने आंसू नहीं रोक पाया और उस परिवार का अनुमोदना करता नजर आया।

हेरिटेज क्विज-2026 का आयोजन

अशोकनगर। भारतीय सांस्कृतिक निधि चंदेरी चैप्टर द्वारा शनिवार को हेरिटेज क्विज-2026 का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल के श्री गुरुजी सभागृह में किया गया। प्रतियोगिता में चंदेरी के 9 विद्यालयों के कुल 106 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में चंद्रभान सिंह पब्लिक स्कूल की टीम की सौम्या गुप्ता एवं वैशाली गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तरुण तिवारी एवं वंश गुप्ता ने द्वितीय स्थान तथा गवर्नमेंट मॉडल स्कूल की वैदेही मिश्रा एवं पायल रैकवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजेता टीमों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं प्रतियोगिता में शामिल सभी विद्यार्थियों को चंदेरी चैप्टर की ओर से प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। आयोजन के लिए सरस्वती विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधन एवं विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया।

चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर


शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमाँक 2 मे सेवा संकल्प अभियान के तहत चित्रकला एंव भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतियोगियों को पुरूस्कार भी प्रदान किए गए। जिसमें गणमान्य नागरिक के रूप मे सन्तोष कुमार रजक भाजपा मंडल मंत्री अशोकनगर उपस्थित हुए एंव नोडल अधिकारी के रुप दिलीप रघुवंशी जन शिक्षक उपस्थित हुए। प्रतियोगिता मे विधालय के पूर्व शिक्षक राजेन्द्र चैधरी ने भूमिका निभाई, संचालन नीतिराज यादव एंव आभार प्रदर्शन जितेन्द्र रघुवंशी द्वारा किया मुख्य अतिथि की भूमिका मे हमारे ही विद्यालय की प्रधानअध्यापिका रजनी शाक्यवार रहीं व्यवस्था के रुप मे महावीर जैन एंव रामप्रसाद मैयर रहे इस दोरान विद्यालय का समस्त स्टाफ एंव बच्चे उपस्थित रहे 39 छात्र छात्राओ ने चित्रकला एंव 5 छात्रों ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया।

दशलक्षण पर्व पर चंद्रप्रभु जिनालय में उमड़ रहा श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

बहादुरपुर में दशलक्षण पर्व के अवसर पर नगर का वातावरण इन दिनों धर्म और भक्ति से सराबोर है। बहादुरपुर स्थित श्री चंद्रप्रभु जिनालय में सांगानेर संस्थान से पधारीं विदुषी बहन सृष्टि दीदी एवं बहन राशि दीदी के मार्गदर्शन में प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रातः काल श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा एवं सामूहिक पूजन हो रहा है, जबकि दोपहर में शांतिनाथ विधान और रात्रि में आचार्य श्री विद्यासागर पाठशाला परिवार द्वारा सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को उत्तम सत्य धर्म के अवसर पर आयोजित धर्मसभा में विदुषी बहन सृष्टि दीदी ने कहा कि जैन दर्शन में सत्य केवल शब्दों में व्यक्त होने वाला विषय नहीं, बल्कि मन, वचन और कर्म की पवित्रता से जुड़ा जीवन का अनुशासन है। व्यक्ति की वाणी तभी सार्थक है, जब उसके विचार और आचरण भी उसी सत्य के अनुरूप हों। उन्होंने कहा कि सत्य का अर्थ केवल झूठ नहीं बोलना नहीं है। सत्य धर्म हमें अपनी वाणी पर संयम रखने, तथ्य को सही रूप में स्वीकार करने और किसी के प्रति छल-कपट न रखने की प्रेरणा देता है। जैन आगमों में सत्य को अहिंसा से जोड़कर देखा गया है। इसलिए ऐसा सत्य भी नहीं बोलना चाहिए जो किसी जीव को अनावश्यक कष्ट पहुंचाए। सत्य के साथ हित, मित और प्रिय वचन का विवेक होना आवश्यक है।

सत्य सिर्फ बोलने का नहीं, जीवन में उतारने का धर्म है: सृष्टि दीदी



अपने भीतर झांकना ही सत्य की पहली साधना

सृष्टि दीदी ने कहा कि मनुष्य अक्सर दूसरों से सत्य की अपेक्षा करता है, लेकिन अपने भीतर के सत्य को देखने से बचता है। उत्तम सत्य धर्म की शुरुआत स्वयं से होती है। अपनी कमियों को स्वीकार करना, अपनी भूल को समझना और उसे सुधारने का प्रयास करना आत्मशुद्धि की दिशा में पहला कदम है। उन्होंने कहा कि क्रोध, लोभ, मान और माया के प्रभाव में व्यक्ति सत्य से दूर हो जाता है। स्वार्थ के कारण कही गई असत्य बात भले ही तत्काल लाभ दे दे, लेकिन वह आत्मा को भीतर से कमजोर करती है। इसके विपरीत सत्य का पालन व्यक्ति के भीतर निर्भयता, विश्वास और आत्मिक शांति पैदा करता है।

सुबह अभिषेक-शांतिधारा, दोपहर में विधान, रात में प्रतियोगिताएं

दशलक्षण पर्व के तहत श्री चंद्रप्रभु जिनालय में प्रतिदिन प्रातःकाल श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा एवं सामूहिक पूजन किया जा रहा है। दोपहर में विदुषी बहनों के मार्गदर्शन में शांतिनाथ विधान का आयोजन हो रहा है।


जहां जहां सत्य है, वहां-वहां अहिंसा है मुनिश्री निरंजन सागर महाराज

पहले सच्चा होना बहुत जरूरी है, फिर बाद में सत्य बोलना....

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

साइन्स ऑफ लिविंग में हम सभी साइन्स ऑफ ट्रुथ को जानकर जीवन में उतारने का प्रयास करेंगे। भारतीय सनातन परम्परा में सत्य को नारायण कहा है। सच्चं खु भगवं अर्थात सत्य ही भगवान है। मन, वाणी और व्यवहार में सत्य को स्थापित करना ही सत्यनारायण कहा जाता है। उन्होंने कहा कि जन्म के साथ-साथ जीभ तो मिल जाती है पर जीवन बीत जाने पर भी उसका सदुपयोग करने की कला नहीं आ पाती है। मर्मघातक एक वाक्य ही सारे उपकार को नष्ट कर देता है। जीभ पर लगी चोट सबसे जल्दी ठीक होती है, पर जीभ से लगी चोट मुश्किल से ठीक होती है। सूली पर चढ़ने के बाद भी सत्य, सत्य ही रहता है, सिंहासन पर भी झूठ, झूठ ही रहता है। सत्य से व्यक्ति परेशान हो सकता है, परास्त नहीं। राजा दशरथ ने सत्य को निभाया, राम जी ने सत्य वचन का पालन किया, विभीषण ने सत्य को पकड़ा और रावण ने सत्य को छोड़ा। मनुष्य की शोभा या प्रामाणिकता उसके वचनों से है। वचनों की प्रामाणिकता नष्ट हुई कि सब कुछ नष्ट हो गया।

छह ढालाकार कहते हैं संसार के प्राणियों का



हित करने वाले, सभी प्रकार के विकारों को दूर करने वाले, कर्ण इन्द्रिय को अच्छे लगने वाले, सभी प्रकार के संशयों का निराकरण करने वाले, भ्रम रूपी रोग को नष्ट करने वाले मुनिराज के मुख रूपी-चन्द्रमा से वचन रूपी अमृत झरता है। यह सत्य की परिभाषा है।जीव रक्षा का भाव होने से असत्य वचन भी सत्य वचन के रूप में परिणत हो जाता है। जैसे कृ कोई दुष्ट व्यक्ति अपनी मुट्ठी में जिंदा चिड़िया की गर्दन दबाकर एक सत्यवादी से पूछता है कि बताओ यह जिंदा है या मरी? सत्यवादी विचार करता है कि यदि मैं इसे जिंदा कहता हूँ तो अभी हाल यह गर्दन को दबाकर इसे मार डालेगा। और मरी हुई कहता हूँ तो इसे छोड़कर कहेगा कि देखो, यह तो जिंदा है, तुम कैसे सत्यवादी हो।

ऐसा विचारकर सत्यवादी ने उत्तर दिया कि यह चिड़िया मरी है। शिकारी ने तत्काल चिड़िया को मुट्ठी से तुरन्त ही छोड़ दिया कि तुम कैसे सत्यवादी हो। आचार्य समन्तभद्र स्वामी ने सत्य अणुव्रत की परिभाषा देते हुए रत्नकरण्डक श्रावकाचार में ऐसे सत्य को भी असत्य कहा है जो दूसरे के प्राण हरण करने वाला हो। पाप क्रियाओं से मौन लेकर भी सत्य को प्राप्त किया जा सकता है।सभी समान हैं यही सबसे बड़ी सत्य है और जहाँ पर यह समानता की दृष्टि आ जाती है वहाँ पर सभी प्रकार के झगड़े समाप्त हो जाते हैं। जहाँ विषमताएँ हैं, वहीं पर झगड़ा है, विसंवाद है। जो सत्य से युक्त है वही सत्य है। जिसका मन जितना सच्चा होगा उसका जीवन भी उतना ही सच्चा होगा और जीवन उन्हीं का सच बनता है जो कषायों (क्रोध, मान, माया, लोभ) से मुक्त हो जाते हैं। पहले सच्चा होना बहुत जरूरी है, फिर बाद में सत्य बोलना।

खबर संक्षेप

चोर पानी की मोटर व केबल चोरी कर ले गए

अशोकनगर। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत सेमरी टंकी निवासी थान सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कल्ला अहिरवार और उसका साथी निवासी ग्राम रतवास फरियादी के खेत से पानी की मोटर और काले रंग की 200 फुट केबल चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम मथनेर चक्क निवासी द्रोपदी कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ओमपुरी, शकुनबाई और देवी सिंह निवासी राजपुर ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग पर से उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। पुलिस ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत कबीरा रोड़ निवासी राजकुमार अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि विशाल और चन्द्रभान अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरखेडा छज्जू निवासी नरेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शिशुपाल और शिवम यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से शिशुपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अमर सिंह और नरेन्द्र यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पाडंरी निवासी मोला बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अमोल आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदेरी निवासी सपना बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि फुस्सा अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुम्हारिया निवासी राजकुमारी बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अमान, राजपाल और चन्द्रपाल बंजारा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से अमान बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सीताराम, करतार और उदयभान बंजारा ने उससे मारपीट की। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भटौली निवासी विजय यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि राजभान और भरत यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से राजभान यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि विजय और बलराम यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत ग्राम पठारी निवासी उर्मिला लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पति कल्लू लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

विधि महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित की



अशोकनगर। शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर में कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाविद्यालय के सफल एवं सुचारू संचालन से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर मालवीय ने महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने महाविद्यालय के बेहतर संचालन, विद्यार्थियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाने के संबंध में चर्चा की। बैठक में जनभागीदारी से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्राचार्य विधि महा विद्यालय गरिमा राठौर, जिला कोषालय अधिकारी रवीन्द्र सूर्यवंशी सहित संबंधित अधिकारी एवं जनभागीदारी समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।


रात होने से एसडीआरएफ की टीम का सर्च अभियान नहीं हो सका


आम खों में नहाने गए पांच बच्चों में से 3 बच्चे वापस आए, दो की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर थूवोन पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम आम खों जो ग्राम सूरेल के समीप है वहां नहाने गए 15 से 16 आयु के पांच बच्चों में से दो बच्चों की पानी के तेज बहाव में डूबने से मौत हो गई है। हांलाकि अभी प्रशासन का रेसक्यू अभियान शुरू नहीं हुआ है। परिवार जन और प्रशासन के अधिकारी उनकी तलाश करने में लगे हैं। एसडीआरएफ की टीम भी रात का अंधेरा होने के कारण काम नहीं कर सकी है।

पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। यह घटना रविवार को उसे समय हुई जब अशोकनगर शहर के पांच बच्चे आम खों जो प्रसिद्ध स्थान है वहां नहाने के लिए गए थे। घटना दोपहर 1 बजे के आसपास की है। थूवोन चौकी के प्रभारी आमोद तिवारी ने बताया कि पांच बच्चे यहां पर नहाने के लिए आए थे जिनमें से दो बच्चे घर वापस लौट आए एक बच्चा वही नदी के बाहर था जबकि दो बच्चे नदी के तेज पानी में बहकर बहाव में डूब गए। इन दोनों बच्चों का आसपास तलाश कर जांच पड़ताल की गई लेकिन उनका पता नहीं चला है। जिन दो बच्चों की तलाश जारी है उनमें दक्ष यादव पुत्र प्रेमेंद्र यादव निवासी भटोली वर्तमान में ओम कॉलोनी अशोकनगर और दूसरा किशोर ध्रुरव दुबे पुत्र हेमंत दुबे सोनालिका शोरूम के पास अशोकनगर का निवासी है।





इन दोनों को पानी में तेज बहाव में डूबने की आशंका जताई जा रही है इनका अभी तक पता नहीं चला है। रात होने के कारण रेस्क्यू अभियान नहीं चलाया जा सका, जो बच्चे घर वापस लौट आए थे उनके द्वारा नहीं बताया गया जिसके कारण उनके परिवार जनों को पता नहीं लगा। बाद में यह घटना सामने आई जिसके बाद परिवार जनों द्वारा पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को घटना की सूचना दी गई पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को इसके बाद प्रशासन का अमला मौके पर पहुंचा और बच्चों की तलाश की गई लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला है जिससे परिवार जनों में जनों में तमाम तरह की आशंकाएं पैदा हुए।

उल्लेखनीय है कि अशोकनगर जिले में कुछ दिन पहले चंदेरी क्षेत्र में एक ही परिवार के चार सगे भाइयों की नहाने के लिए जाने के दौरान पानी में डूबने से मौत हो चुकी थी। वहां अभी मातम पसरा हुआ है उसके बाद यह दूसरी घटना सामने आई है। इस तरह की घटनाएं जिले में कई स्थानों पर हो रही है जिन जिन स्थानों पर इस तरह की पोखर कुंड या नदी नाले हैं वहां पर ग्राम पंचायत के लोगों को चौकीदार आदि शामिल होते हैं। उन्हें चौकसी के लिए लगाया जाना चाहिए ताकि कोई इस तरह की घटना न हो सके और सार्वजनिक रूप से इस तरह सूचना दी जाना चाहिए। कि बारिश कभी भी हो सकती है और नदी, नालों में पानी का बहाव तेज होने से कोई भी घटना कभी भी हो सकती है इसलिए बचाव के साथ रहे और नदी नालों में नहाने के लिए न जाया जाए। अन्यथा कभी कोई भी बड़ी घटना हो सकती है, इस तरह की जागरूकता और चेतावनी के साइन बोर्ड भी इन स्थानों पर लगाया जाना चाहिए।

ग्राम पछारी में शासकीय भूमि से हटाया गया अवैध अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में जिले में शासकीय भूमियों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अभियान निरंतर जारी है। इसी क्रम में तहसीलदार अशोकनगर संतोष धाकड़ द्वारा ग्राम पछारी में शासकीय रास्ते एवं नाले की भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। तहसीलदार [illegible] या या ल य अशोकनगर के आदेश के परिपालन में रविवार को राजस्व अमला मौके पर पहुंचा और कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि पर की गई तार फेंसिंग को हटाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया।

अतिक्रमण मुक्त कराई गई 60 लाख रुपए मूल्य की शासकीय भूमि

जानकारी के अनुसार ग्राम पछारी स्थित सर्वे क्रमांक 278, जो नोईयत रास्ता है, के कुल रकबे 0.146 हेक्टेयर में से 0.021 हेक्टेयर भूमि पर अनावेदक कमल पुत्र मोहनलाल शर्मा, निवासी अशोकनगर द्वारा तार फेंसिंग कर अतिक्रमण किया गया था। इसी प्रकार सर्वे क्रमांक 293, जो नोईयत नाला है, के कुल रकबे 0.773 हेक्टेयर में से 0.251 हेक्टेयर शासकीय नाले की भूमि पर भी अवैध कब्जा किया गया था। तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व अमले द्वारा दल-बल के साथ मौके पर पहुंचकर तार फेंसिंग हटाई गई तथा दोनों शासकीय भूमियों को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। प्रशासन द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराई गई शासकीय भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 60 लाख रुपये आंका गया है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शासकीय रास्ते, नाला, चरनोई सहित अन्य शासकीय भूमियों पर अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। शासकीय संपत्ति की सुरक्षा एवं सार्वजनिक उपयोग की भूमियों को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए राजस्व अमले द्वारा प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

विमर्श जागृति महिला मंच की प्रस्तुति जोड़ी अनोखी प्रस्तुति का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पर्वराज दशलक्षण के अवसर पर रात्रि में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विमर्श जागृति महिला मंच ने शनिवार को जोड़ी अनोखी प्रस्तुति का आयोजन गंज मंदिर जी के प्रांगण में किया। दिगम्बर जैन पंचायत के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अध्यक्ष वैशाली बांझल,मंत्री पूजा देरखा एवं कार्यक्रम संयोजिका प्रीति मोहरी ने बताया कि मंच उद्घाटन सुभाष जैन कैंची ने किया। ततपश्चात राष्ट्रीय उपमंत्री विनोद जैन भारिल्ल एवं दिग. जैन पंचायत के मंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई, सांस्कृतिक



संयोजक नितिन बज,विपिन सिंघई, निर्मल मिर्ची तथा पंडित अशोक जैन ने चित्र अनावरण तथा दीप प्रज्वलन किया। मंगलाचरण के रूप में चुनमुन सिंघाड़ा ने भजन की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में 7 प्रतिभागी जोड़ियों ने भाग लिया, सभी को पुरुस्कृत किया गया। प्राची और प्रतीक्षा के माता त्रिशला और मरु देवी के संवाद ने पूरे जन समुदाय का मन मोह लिया छोटे छोटे बच्चों ने हनुमान और राम का रोल आकर्षण का केंद्र बना ।सभी जोड़ियों ने एक-से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गई, जिन्हें दर्शकों की भारी सराहना मिली।

अशोकनगर में शिक्षकों ने सामूहिक उपवास कर रैली निकाली, तीनों विधायकों व कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शिक्षक टीइटी परीक्षा को लेकर काफी मानसिक प्रताड़ित हैं। आजाद अध्यापक शिक्षक एवं सयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक भीमसिंह यादव ने बताया कि प्रदेश भर में भूख हड़ताल एवं सामूहिक उपवास किया गया।

अशोकनगर के स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला में सुबह 10 बजे से 18 शिक्षक भूख हड़ताल अनशन पर बैठे जिनमें संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम नारायण तिवारी, रविन्द्र तोमर, महावीर जैन, मनोज मोगिया, नीलम यादव जितेन्द्र शर्मा, विजय नरवरिया जमुनालाल अहिरवार, महेंद्र रघुवंशी, ओंकार



सिंह अहिरवार, गजराज सिंह राजपूत, चंद्रभान सिंह छाबड़िया, रामसिंह भदौरिया, नन्हेराम जाटब, नरेश रघुवंशी, मानसिंह सेलर, शोभाराम चौबे, मुकद्दमसिंह दांगी आदि जिले का मौके पर उपस्थित शिक्षकों ने सामूहिक उपवास पर स्तर बैठे रहे।

मौके पर अशोकनगर विधायक इंजी हरीबाबू राय और अनशन करियो से मिले ओर उनके धर्मशाला में ही अपनी सहित 5 सूत्रीय मागो का ज्ञापन सौंपा। विधायक ने सभी मांगो को विधान सभा में उठाने का आश्वासन दिया। इसके बाद चंदेरी विधायक जगन्नाथसिंह रघुवंशी के प्रतिनिधि एवं भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष हैरी रघुवंशी आये उन्होंने ज्ञापन लिया और मांगो को मुख्यमंत्री तक भिजवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद जिलाध्यक्ष भीमसिंह यादव के फोन पर चर्चा की और उन्होंने मोबाइल पर ही शिक्षकों की सभा को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करते हुए संबोधित किया। जिसके बाद कलेक्टर कार्यालय वाहन रैली के साथ पहुंचे और कलेक्टर के नाम तहसीलदार आलोक श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा।

घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती

आत्महत्या करने युवक रेल की पटरी पर लेटा, घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्थानीय माता मंदिर के समीप रेल पटरियों पर आकर एक युवक ने आत्महत्या करने का प्रयास किया। इस दौरान वह पटरियों पर लेट गया, जैसे ही मालगाड़ी आई वह उठकर भागने लगा इसके बाद भी मालगाड़ी की चपेट में आ गया जिससे उसके सिर और गर्दन में चोटे आईं है। उसे घायल अवस्था में जिला अस्पताल अशोकनगर में भर्ती कराया गया है। घायल युवक का नाम सुरेन्द्र पुत्र अशोक बालू उम्र 35 साल है। युवक ने बताया कि पत्नी उसे लगातार परेशान कर रही है। जब उसकी पत्नी ने यह कहा कि वह उसे छोड़कर चला जाए, जिसके बाद वह आत्महत्या करने के लिए रेल पटरियों पर आ गया। युवक ने यह भी कहा है कि पहले भी वह आत्महत्या करने का प्रयास कर चुका है, जिसमें उसने स्वयं को आग लगाने का प्रयास भी किया था, लेकिन वह झुलसने के बाद भी जिंदा बच गया था।

राष्ट्रीय संकल्प समारोह में युवाओं ने लिया नशे से दूर रहने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मेरा युवा भारत अशोकनगर द्वारा राष्ट्रीय संकल्प समारोह, 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' एवं 100 सप्ताह नशामुक्त युवा अभियान के अंतर्गत नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, अशोकनगर में किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र/छात्राओं को नशे से दूर रहने तथा अपने



परिवार और समाज को भी नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। साथ ही उपस्थित लोगों एवं विद्यार्थियों द्वारा हस्ताक्षर कर यह संकल्प लिया गया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाएंगे। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्रकुमार शर्मा द्वारा किया गया।

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत पीएम श्री क्रमांक 4 में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्थानीय पीएम श्री माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 4 अशोकनगर में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रधानमंत्री द्वारा विगत 25 वर्षों में मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में जो जो उल्लेखनीय कार्य किए है उनको चित्रकला और शब्दों के द्वारा विद्यार्थियों ने प्रदर्शित किया। शाला के शिक्षक शिवकुमार शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों ने उज्ज्वला योजना,मुद्रा योजना,स्वच्छता,पी एम



आवास,सौर ऊर्जा,ऑपरेशन सिंदूर,डिजिटल लेनदेन, बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ,सहित अन्य विषयों पर चित्र बनाए।वहीं विकसित भारत की संकल्पना को लेकर विद्यार्थियों ने अपने भाषण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीपीसी राहुल शर्मा,डीईओ कार्यालय से अनिल खंतवाल,एपीसी महेंद्र जैन,एपीसी बलवीर बुन्देला प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

तुलसी सरोवर पर भगवान को कराया जाएगा जल विहार

अशोकनगर शहर में मंगलवार को जल झूलनी ग्यारस पर निकलेगा 40 विमानों का कारबां, तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर में जलझूलनी ग्यारस पर विमानोत्सव का चल समारोह धूमधाम से निकाला जाएगा। इस आयोजन को लेकर शहर में पूरे दिन तैयारियां चलती रहीं। शहर को सजाए जाने की तैयारियां चल रही हैं। सुरक्षा वाहनों की निकासी पर विशेष प्रबंध किए गए हैं। तुलसी सरोवर पर भगवान को जल विहार कराने के लिए एसडीआएफ की टीम भी तैनात की गई है। इस मौके पर शहर से लेकर ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान के दर्शनों के लिए शामिल होगें।

शहर में यह विमानोत्सव की शुरूआत दोपहर 3 बजे से होगी उसके पहले यह विमान सभी मंदिरों से आना प्रारंभ होगें जो गांधी चैक पर एकत्रित होगें। वहां से यह विमानों का कारवां निकलेगा। अशोकनगर शहर में यह विमानोत्सव की परम्परा हमेशा से चली आ रही है। पहले यह विमानोत्सव का



आयोजन बजरिया में होता था। लेकिन बाद में जब वर्ष 1977 में जब तुलसी सरोवर का निर्माण हुआ उसके बाद से यह आयोजन इस सरोवर पर होने लगा। नगर पालिका अशोकनगर द्वारा तालाब का पानी हमेशा शुद्ध बना रहे इसके विशेष प्रबंध किए गए हैं। विमानों के चबूतरा के समीप घाट पर भी विशेष इंतजाम किए गए हैं, नगर पालिका द्वारा यहां विशेष प्रबंधों में विशेष घाट बनाए गए हैं ताकि मंदिरों से आने वाले विमानों में विराजमान भगवानों को इन घाटों से आसानी से जल विहार कराया जा सके। पहले विमान लेकर कीचड़ में तालाब के अंदर जाना पड़ता था, इस समस्या से मुक्ति मिली है और नगर पालिका के प्रयास इस धार्मिक आयोजन में सार्थक रूप से सामने आए हैं।

इन मंदिरों के विमान होंगे शामिल

पुजारी संघ के अध्यक्ष उपेन्द्र पाराशर ने बताया कि जल झूलनी ग्यारस पर निकलने वाले इस विमानोत्सव चल समारोह में 40 मंदिरों के विमान शामिल होगें। सबसे आगे सराफा बाजार बड़े हनुमान मंदिर का चांदी का विमान होगा, उसके बाद अन्य मंदिरों के विमान कतार में बारी बारी से चलेंगे। जिन मंदिरों के विमान इस चल समारोह में शामिल होंगे। उनमें श्री हनुमान मंदिर, आसमानी माता मंदिर, लवकुश मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर, बांके बिहारी मंदिर, शिव मंदिर टोरिया, राम जानकी मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर, राम जानकी मंदिर, गोपाल मंदिर गढ़ी, राम जानकी मंदिर, चिंताहरण मंदिर, धनुषधारी मंदिर, पुण्डरीकाक्ष मंदिर, बाल हनुमान मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, राम जानकी मंदिर टकनेरी, राम जानकी मंदिर,राधा कृष्ण मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर, राम जानकी मंदिर लहर आश्रम, राम जानकी मंदिर हवेली, गिरधारी मंदिर, बालमुकुंद मंदिर, हनुमान मंदिर बस स्टेण्ड, त्रिदेव मंदिर, कैलाशपुरी मंदिर, शिवसाईं मंदिर चुंगनाका गुना रोड, रघुनाथ धाम मंदिर वार्ड 15, हनुमान मंदिर दुबे कॉलोनी शामिल होंगे।

सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत स्कूलों में प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत अशोकनगर के जीवाजी पब्लिक स्कूल, नईसराय में भी भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां मंच से छात्र-छात्राओं ने समाज सुधार, स्वच्छता और आत्मनिर्भर भारत जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गण और समाज के वरिष्ठ नागरिक के. एल. शर्मा भी उपस्थित रहे। स्कूली बच्चों ने पोडियम पर आकर बहुत ही आत्मविश्वास के साथ जनसेवा और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर अपनी बात रखी। भाषण प्रतियोगिता में 21 बच्चों ने भाग लिया, जिन्होंने श्मेरे सपनों का भारत, श्विकसित भारत की संकल्पना 2047 और श्माननीय प्रधानमंत्री द्वारा विगत 25 वर्षों में किए गए सेवाकार्य जैसे प्रमुख विषयों पर ओजस्वी भाषण दिए। कार्यक्रम मे बच्चों की रचनात्मकता को निखारने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें 44 बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कला के माध्यम से सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को कैनवास पर उकेरा। कार्यक्रम के अंत में भाषण और चित्रकला दोनों विधाओं में बेहतरीन प्रस्तुति देने वाले और विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

नगर के सोनी मोहल्ले की घटना

व्यापारी के घर से नोटों की थैली लेकर भागा बंदर

राजगढ़। नगर में इन दिनों बंदरों का आंतक छाया हुआ है। लाल मुंह वाले बंदरों द्वारा तो कुछ लोगों को चोटिल करने के मामले भी सामने आ चुके हैं। रविवार को हुई एक घटना में स्थानीय सोनी मोहल्ले निवासी व्यापारी वल्लभ गुप्ता उर्फ ठीकरिया के घर से एक बंदर नोटों से भरी हुई थैली लेकर भाग निकला। गुप्ता एक थोक विक्रेता हैं और शनिवार रात्रि अलग-अलग दुकानों से पेमेंट इकट्ठा कर पॉलीथीन की थैली को घर में रख दिया था। रविवार सुबह एक बंदर खिड़की से घर में दाखिल हुआ और रुपए से भरी थैली लेकर भाग निकला। श्री गुप्ता के अनुसार थैली में करीब 35-40 हजार रुपए थे। बाद में बंदर ने थैली को फाड़ा जिसके अनेकों नोट इधर-उधर बिखर गए जिन्हें घर के लोगों ने समेट लिया। हालांकि, 7-8 हजार रुपए नहीं मिल पाए। नगवासियों ने वन विभाग से मांग की है कि उत्पाती बंदरों को पकड़कर अन्यत्र स्थानों पर छोड़ दिया जाए ताकि आम नागरिक को इस तरह के नुकसान से बच पाएं। बंदर घरों की छतों पर रखे खाद्य पदार्थों, दालों, पापड़ इत्यादि को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

ग्राम लीमाचौहान में कुएं में डूबने से 12 वर्षीय बालिका की मौत

सारंगपुर। समीपस्थ ग्राम लीमाचौहान में रविवार दोपहर कुएं में एक 12 वर्षीय बालिका की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पूनम खाती (12), पिता दिलीप, निवासी किशनपुरा खेड़ी, वर्तमान में अपने मामा के यहां रह रही थी। रविवार दोपहर करीब 2 बजे वह गांव की टंकी के पीछे स्थित कुएं में नहाने गई थी। इसी दौरान वह अचानक कुएं में गिरकर डूब जाने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना लीमाचैहान पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिसकर्मियों ने बालिका को कुएं से बाहर निकाला। इसके बाद 112 वाहन की मदद से उसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल सारंगपुर भेजा गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने बालिका का मेडिकल परीक्षण किया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

केंद्र की सद्धबुद्धि के लिए कार्यक्रम स्थल पर किया हनुमान चालीसा का पाठ

सवर्णों ने यूजीसी को बताया काला कानून, निकाली विशाल विरोध रैली





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

रैली उपरान्त प्रधानमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

आरक्षण व्यवस्था में सुधार की मांग एवं सामान्य वर्ग के लिए बने यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग को लेकर जिले के स्वर्ण समाज द्वारा मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन किया गया। स्थानीय मंगल भवन में आयोजित कार्यक्रम में स्वर्ण समाज के सैकड़ों लोग एकत्रित हुए जहां विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों ने अपनी-अपनी बात रखी। इस दौरान संशोधित यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग और केंद्र सरकार को सद्धबुद्धि देने उपस्थितजनों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर सामुहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। करीब 2 घंटे तक चले कार्यक्रम उपरान्त लोगों द्वारा नगर में एक विशाल आक्रोष रैली निकाली गई। यह रैली नाका नंबर-3, मेन मार्केट, पारायण चैक, गणेश चैक, तुल्ली चौक, किला क्षेत्र, पुराना बस स्टैंड, अस्पताल रोड, खिलचीपुर नाका होते हुए कलेक्टेट परिसर पहुंची। यहां सभी ने प्रधानमंत्री के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा।

नरसिंहगढ़ क्षेत्र के स्वर्णों की रही अधिकता

कार्यक्रम में वैसे पूरे जिले के सामान्य व स्वर्णवर्ग के लोगों उपस्थित रहे लेकिन नरसिंहगढ़ क्षेत्र के लोगों की अधिकता देखी गई। समाज के पदाधिकारियों ने भी उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए विषयसंगत अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

रैली का स्थान-स्थान पर हुआ स्वागत, अभिनंदन

इस आक्रोष रैली का नगर में विभिन्न स्थानों पर सामाजिक व अन्य संस्थाओं, समितियों द्वारा कहीं पुष्पवर्षा तो कहीं शीतल जल से भावभीना स्वागत, अभिनंदन किया गया। गणेश चैक पर मेड़तवाल महिला मंडल की पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा रैली में शामिल जनों पर पुष्पवर्षा की गई।

ज्ञापन में यह रखी गई प्रमुख मांगे

ज्ञापन में प्रमुखता से मांग रखी गई कि आरक्षण व्यवस्था में सुधार किया जाए एवं आर्थिक आधार पर आरक्षण की समीक्षा की जाए। सामान्य वर्ग विरोधी कानून को काला कानून बनाते हुए यूजीसी को वापस लेने की पुरजोर मांग रखी गई। इसके साथ ही एसटी/एसटी एक्ट में संशोधन करने की मांग रखते हुए निष्पक्ष जांच से पहले काई कार्यवाही न करना एवं सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों को वे सभी सुविधाएं प्रदान करना जो अन्य विद्यार्थियों को प्रदान की जाती हैं। शिक्षा एवं रोजगार में भी सभी को समान दृष्टि से अवसर प्रदान करने की मांग का उल्लेख ज्ञापन में किया गया।

कमिश्नर हेल्थ 21 तक किए तलब

सीएमएचओ को लाभ पहुंचाने की शिकायत आयुक्त को नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कुछ माह पहले राजगढ़ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल को लोकायुक्त भोपाल पुलिस ने 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया था। सीएमएचओ को पद से हटाने के आदेश में स्वास्थ्य आयुक्त एस. धनराजु ने लोकायुक्त द्वारा की गई कार्यवाही की पुष्टि का उल्लेख नहीं किया जिसके चलते सीएमएचओ डॉ. पटेल अपने तबादले पर न्यायालय से स्थगन आदेश ले आईं। इस मामले में सीएमएचओ को लाभ पहुंचाने हेतु सोच-समझाकर आदेश में त्रुटि करने के संबंध में शिकायत हुई है। शिकायत के आधार पर लोकायुक्त पुलिस ने स्वास्थ्य आयुक्त एस. धनराजु को कल 21 सितंबर को तलब किया है। लोकायुक्त ने कहा है कि तबादले से जुड़े आदेश, नोटशीट व तबादला आदेश से जुडे अन्य अधिकारी, कर्मचारियों को भी कथन के लिए उपस्थित रहने कहा जाए।

उप-पुलिस अधीक्षक ने जारी किया नोटिस

लोकायुक्त कार्यालय के उप पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र सिंह ने यह नोटिस जारी किया है। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि सीएमएचओ डॉ. पटेल को 17 अप्रेल को रिश्वत लेते पकड़ा गया था। लोकायुक्त को शिकायत मिली है कि स्वास्थ्य आयुक्त ने श्रीमती पटेल के स्थानांतरण आदेश में गल्तियां की जिसका लाभ उन्हें मिला और वे अपने तबादले पर कोर्ट से स्टे ले आईं।

नशामुक्त भारत की दिलाई शपथ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

नशामुक्त भारत के तहत मुख्यालय स्थित नर्सिंग महाविद्यालय में रविवार दोपहर एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर्स के जरिए नशामुक्ति का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्धेश्य युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरुक करना और उन्हें एक स्वस्थ राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर कॉलेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें अनेक छात्राओं ने बढ़-चढकर भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिति के रूप में उपस्थित माय भारत के जिलाधिकारी हितेश उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं के पोस्टर्स में उकेरी गई थीम की सराहना करते हुए कहा कि देश की प्रगति युवाओं की ऊर्जा पर निर्भर करती है और इस ऊर्जा को सही दिशा देना बेहद जरूरी है। कॉलेज प्रिंसिपल श्रीमती मनीषा ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कॉलेज के युवाओं को इस मुहिम का अग्रदूत बनने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि शिक्षा के साथ-साथ नैतिक और सामाजिक मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में तेजसिंह गुर्जर, विक्रम तोमर, सुश्रि हिना खान, बालूसिंह पंवार, हरीश परमार की सराहनीय भूमिका रही।

झांकी पंडाल में करंट लगने से 17 वर्षीय बालक की मौत, तैयारी करने के दौरान हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नगर में रविवार शाम गणेश उत्सव की तैयारियों के दौरान टॉकीज मोहल्ले में बड़ा हादसा हो गया। राजा गणेश झांकी पंडाल में विद्युत तार लगाते समय करंट की चपेट में आने से 17 वर्षीय बालक की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार टॉकीज मोहल्ला निवासी बलराज पिता राजेंद्र सिंह तोमर उर्फ गोपाल (17) रविवार शाम करीब 4.30 बजे झांकी पांडाल में शाम के कार्यक्रम की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान विद्युत तार लगाते समय उसे करंट लग गया। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी उसके चाचा भूपेंद्र तोमर को दी। परिजन व मोहल्लेवासी तत्काल बालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरावर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नरसिंहगढ़ सिविल अस्पताल भेजा गया।



पुलिस ने पंचनामा तैयार कर मर्ग कायम करते हुए मामले को जांच में लिया है।

झांकी पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल


हादसे के बाद नगर में गणेश उत्सव के लिए लगाए गए झांकी पंडालों में विद्युत सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। नगर में इस वर्ष करीब 30 से 40 स्थानों पर गणेश पंडाल लगाए गए हैं। इनमें कई समितियां पंडाल और झांकी पर लाखों रुपए खर्च करती हैं, लेकिन विद्युत व्यवस्था में सुरक्षा मानकों का पालन कितना किया जा रहा है, यह हादसा इसका गंभीर उदाहरण है।बताया जाता है कि शांति समिति की बैठकों में विद्युत विभाग द्वारा गणेश उत्सव समितियों से नियमानुसार अस्थाई विद्युत कनेक्शन लेने की बात कही जाती है। इसके बावजूद कई समितियां अस्थाई कनेक्शन लेने के बजाय विद्युत लाइन या केबल से सीधे कनेक्शन लेती हैं। पंडालों के आसपास बेतरतीब ढंग से विद्युत तार और केबल फैले रहने से हादसे का खतरा बना रहता है।

करीब 7500 रुपए में मिलता है अस्थाई कनेक्शन

विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ अभियंता सत्येंद्र सिंह ने बताया कि नियमानुसार झांकी समितियों को करीब 5 किलोवाट का अस्थाई विद्युत कनेक्शन लेना चाहिए। इसकी 10 दिन की अवधि के लिए लागत करीब 7500 रुपए के आसपास आती है। अस्थाई कनेक्शन लेने पर पंडाल में विद्युत व्यवस्था व्यवस्थित तरीके से की जाती है और सुरक्षा की दृष्टि से भी यह बेहतर रहता है।

जैन समाज के समाजसेवी विजय कुमार को भावपूर्ण अंतिम विदाई दी गई, देहदान से समाज को दी प्रेरणा

देह मेडिकल कॉलेज अरविंदो इंदौर को सौंपी, प्रशासन ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

जैन श्री संघ सारंगपुर के वरिष्ठ समाजसेवी, धर्मपरायण, सुश्रावक, ज्ञानपिपासु एवं धर्मप्रेमी तथा ओजस्वी वक्ता विजय कुमार श्रीमाल का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही सकल जैन समाज सहित सारंगपुर नगर में शोक की लहर व्याप्त हो गई। विजय कुमार श्रीमाल धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सदैव सक्रिय रहते थे। साधु-साध्वी भगवंतों की वैयावच्च में वे हमेशा तत्पर रहते थे और साधर्मिकों के हित एवं सहयोग के लिए सदैव आगे रहते थे। वे सारंगपुर स्थित जिन कुशल सूरी दादावाड़ी के अध्यक्ष तथा श्रीमाल हितैषी संघ के संरक्षक भी थे। धर्मीशिल, देहदानी एवं नेत्रदानी के रूप में भी उन्होंने समाज के सामने सेवा और त्याग की मिसाल प्रस्तुत की। जैन समाजजनों ने उनके निधन को संघ के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि श्री विजय कुमार श्रीमाल जैन श्री संघ के मजबूत धर्म स्तंभ थे। उनके निधन से समाज ने एक समर्पित समाजसेवी और धर्मनिष्ठ व्यक्तित्व खो दिया है। रविवार शाम 5 बजे एबी रोड स्थित उनके निवास से अंतिम दर्शन के बाद अंतिम यात्रा निकालकर कर उनकी देह मेडिकल कॉलेज अरविंदो, इंदौर को सम्मानपूर्वक चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए सुपुर्द की गई। उनके देहदान के महान कार्य के सम्मान में शासन की और से गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। अंतिम विदाई में मंत्री गौतम टेटवाल, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल,प्रदीप सदानी, सकल जैन समाज जिला अध्यक्ष निर्मल जैन, मंडोदा तीर्थ प्रमुख सुधीर श्रीमाल,आनंद सक्सेना सहित जैन समाज एवं नगर के अनेक नागरिकों ने उपस्थित रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

सेवा संकल्प अभियान के तहत शाउमा विद्यालय झाड़मऊ में कार्यक्रम आयोजित



जीरापुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झाड़मऊ में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।चित्रकला प्रतियोगिता का विषय ष्मेरे सपनों का भारतष रहा, जिसमें कुल 52 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। इसमें किरण मधुरानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में कुल 20 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए, जिसमें जगदीश मेघवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में अतिथि दिनेश राठौर, प्रहलाद सिंह, महेश गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को सेवा संकल्प अभियान की आगामी गतिविधियों एवं अन्य ज्ञानवर्धक विषयों पर मार्गदर्शन दिया। जहां पर बच्चों को बताया कि प्रतियोगिता किसी भी तरह कि हो उससे बच्चों को नया अनुभव तथा उसके विकास का रास्ता खुलता है, प्रतिभागी को ऐसे आयोजन में भाग लेकर हमेशा सर्वांगीण विकास होता है।इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य जगदीश दांगी, संस्था शिक्षक अनीमा खेस्स, प्रणव खुजनेरी, कमल मंडलोई, संतोष रघुवंशी,सीमा शर्मा, प्रीति गुप्ता, बालचंद वर्मा, कृष्णा गौर, प्रदीप गौतम, मुकेश राठौर, रघुवीर भँवरसिंह चोंडावत, महेंद्र प्रताप, योगेश तिवारी, दिलीप वर्मा, मेहरवान सिंह एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

विभाग स्तरीय संस्कृति महोत्सव का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

संस्कृति व संस्कारों से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनें : टेटवाल

हरिभूमि न्यूज. सारंगपुर । स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिरमें आयोजित विभाग स्तरीय संस्कृति महोत्सव का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह रविवार को संपन्न हुआ। राजगढ़, सीहोर एवं गुना जिलों से करीब 250 भैया-बहनों ने प्रतियोगिताओं में सहभागिता की। मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद सारंगपुर अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने की। विद्यालय प्राचार्य चैनसिंह बन्नासिया ने अतिथियों का स्वागत किया। अपने उद्बोधन में मंत्री गौतम टेटवाल ने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिताओं में सहभागिता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने 'वंदे मातरम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह राष्ट्र के प्रति प्रेम, सम्मान और समर्पण की भावना जागृत करने वाला भाव है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों और महान नायकों के त्याग एवं बलिदान को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों से उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। मंत्री टेटवाल ने कहा कि विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा एवं नई तकनीक के साथ आगे बढ़ते हुए भारतीय संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों से भी जुड़े रहना चाहिए। देश के प्रति कर्तव्य, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना को जीवन में अपनाकर विद्यार्थी राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। महोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, कला, ज्ञान एवं सांस्कृतिक अभिरुचि का प्रभावी प्रदर्शन किया। विभाग समन्वयक गुरु चरण गौड़, सचिव अशोक कुमार साहू, संयोजक शिवकुमार तिवारी, प्रतियोगिता प्रभारी शिवराज सिंह चैहान, ओमप्रकाश राठी, दिनेश चैहान, अनिल बरकिया, दिलीप परमार, राजेंद्र पटवा, धर्मेंद्र वर्मा, डॉ. ध्रुव भल्ला, श्याम कारपेंटर, रामबाबू नारोलिया, हुकुम सोनी, रेनू वंशकार एवं कमल राठौर सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।



सुनील बंसल अध्यक्ष मनोनीत



माचलपुर। अग्रवाल युवा मंच की बैठक शनिवार को आयोजित की गई। बैठक में मंच की ओर से गत वर्ष की सालाना आवक-जावक का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। साथ ही आगामी अग्रसेन जयंती महोत्सव-2026 को लेकर कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अग्रवाल युवा मंच अध्यक्ष पद के लिए सुनील बंसल का नाम प्रस्तावित किया गया, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित करते हुए उन्हें अध्यक्ष मनोनीत किया। बैठक में अग्रवाल युवा मंच की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। इसमें संरक्षक आयुष माधावत, अध्यक्ष सुनील बंसल, उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल (पिपल्या कुलमी) एवं तुषार बंसल, सचिव चंदन खरेशवाला, सहसचिव विनय माधावत एवं तनिष्ठ माधावत को जिम्मेदारी सौंपी गई।वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विपिन गर्ग, कुलदीप अग्रवाल, अर्पित खरेशवाला, प्रदीप बंसल, प्रमोद गोयल एवं निखिल गोयल को शामिल किया गया। बैठक में पदाधिकारियों ने अग्रसेन जयंती महोत्सव को लेकर आयोजन को व्यवस्थित और भव्य रूप देने पर भी विचार-विमर्श किया।

देवनारायण जयंती पर गाजे-बाजे के साथ निकाली शोभायात्रा, जगह-जगह पुष्पवर्षा कर किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज. नरसिंहगढ़। भगवान श्री देवनारायण जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को गुर्जर समाज द्वारा नगर में भव्य चल समारोह निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में समाजबंधुओं सहित नागरिक शामिल हुए। दोपहर 12 बजे थावरिया स्थित भगवान देवनारायण मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद चल समारोह प्रारंभ हुआ।शोभायात्रा पाल रोड, पांडव चैराहा, छारबाग चैराहा, छत्री चैराहा, चंपी और फूलबाग होते हुए सामुदायिक भवन पहुंची, जहां विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में युवाओं ने उत्साह के साथ नृत्य किया। वहीं भगवान देवनारायण की आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं और नगरवासियों के आकर्षण का केंद्र रही।

जगह-जगह हुआ स्वागतः चल समारोह का नगरवासियों द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। प्रमुख चैराहों पर स्वागत द्वार बनाए गए थे तथा बैनर-पोस्टर लगाए गए। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजबंधुओं की मौजूदगी रही।सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने सामाजिक एकता और समाज की एकजुटता पर जोर दिया। साथ ही धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में समाज की अधिक से अधिक सहभागिता का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का समापन सहभोज के साथ हुआ।

सेवा संकल्प अभियान में चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता आयोजित

नरसिंहगढ़। संदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहगढ़ में सेवा संकल्प अभियानके तहत विकसित भारत की संकल्पना के अंतर्गत मेरे सपनों का भारत जैसे अभिनव विषय पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में अपने विकसित भारत के प्रति कल्पनाशीलता एवं उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन देखने को मिला। विद्यालय के एसएमसी अध्यक्ष दिनेश नागर एवं प्राचार्य बृजादित्य सक्सेना द्वारा सर्वोच्च स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र वितरण कर उनका उत्साह वर्धन किया।भाषण प्रतियोगिता में -प्रथम स्थान नितेश सूर्यवंशी, द्वितीय स्थान रौनक वर्मा एवं तृतीय स्थान स्नेह नागर ने प्राप्त किया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मयंक मेवाडे, द्वितीय स्थान दिव्या द्विवेदी एवं निर्मल वर्मा ने एवं तृतीय स्थान अंशीला कुशवाह एवं वंदना ने प्राप्त किया। सफल आयोजन में शिक्षक ध्रुवसिंह पंवार, षिक्षिका उषा शर्मा, विनीता शर्मा,नेहा सोलंकी, प्रीति सोनी, अंकिता तोमर एवं नर्मदा प्रसाद करनोदिया, प्रदीप चंद्रावत का सहयोग रहा।

नगर व जिले में गणेशोत्सव की धूम, श्रद्धालु कर रहे दर्शन

गणेशजी को राखी बांधती बहन की झांकी मोह रही मन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

नगर सहित पूरे जिले में 10 दिवसीय गणेशोत्सव पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रही हैं। इसके साथ ही विभिन्न झांकी समितियों द्वारा विराजित गणेश प्रतिमाएं भी श्रद्धालुओं का मन मोह रही हैं। इसी कड़ी में मुख्यालय के पुराने मिर्ची बाजार में साईं ग्रुप द्वारा सजाई गई झांकी में भगवान गणेश को उनकी बहिन अशोक सुंदरी द्वारा राखी बांधने का अनुपम दृश्य निहारने रोजाना सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही पारायण चैक परिसर, बड़ चैक, खिलचीपुर नाका, नाका नंबर-3, मंगल भवन सहित अन्य स्थानों पर रात्रि की आरती उपरान्त अलग-अलग तरह के प्रसादी वितरित की जा रही है। पारायण चैक परिसर में स्थापित झांकी समिति में शनिवार रात्रि भगवान गणेश को छप्पन भोग की प्रसादी अर्पित की गई। इसके साथ ही बड़ चैक की झांकी में इडली, सांभर का वृहद स्तर पर वितरण करवाया गया। खिलचीपुर नाके पर भी खीर की प्रसादी बांटी गई। अन्य झांकी समितियां भी इसी तरह अलग-अलग प्रसादी का वितरण करवा रही हैं।

सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम

पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा के लिहाज से सभी झांकी पांडालों में पुलिस जवानों की तैनाती करवाई गई है। टैफिक व्यवस्था सुचारू रहे, इसके लिए यातायात पुलिस भी प्रमुख स्थानों पर तैनात करवाई जा रही हैं। न केवल राजगढ बल्कि जिले के अन्य शहरों, कस्बों, ग्रामीण अंचलों की झांकियां भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

सिद्धनाथ जिला उपाध्यक्ष, करण मंडल अध्यक्ष बने



सारंगपुर। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा में संगठनात्मक विस्तार करते हुए नवीन नियुक्तियां की गई हैं। राज्य मंत्री गौतम टेटवाल की अनुशंसा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर की सहमति से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. विष्णु प्रसाद मालवीय ने संगठन में नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। जारी नियुक्ति के तहत सिद्धनाथ वर्मा को राजगढ़ जिला उपाध्यक्ष तथा करण गिरजे को नगर मंडल अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। नियुक्तियों के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत करने की दिशा में कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। इस दौरान ईष्ट मित्रों सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित की।